## Headline

1. फॉग की लेयर में लिपटा उत्तर भारत: दिल्ली-यूपी और पहाड़ों तक दिखी कोहरे की परत, ठिठुरन बढ़ी
2. Israel War: गाजा से हजारों सैनिकों को वापस बुलाएगी इस्राइली सेना, इस्राइल के हमलों में 150 की मौत
3. New Ayodhya : धार्मिक और आध्यात्मिक पहचान के साथ स्मार्ट हो रही है रामनगरी, बुना जा रहा है AI सिटी का सपना

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 174 | इंदौर, सोमवार 01 जनवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए



# कैलाश विजयवर्गीय का पुतला फूंका

## ◆ बीजेपी विधायक मनोज पटेल के समर्थकों में बयान से आक्रोश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। देपालपुर में भाजपा और मनोज पटेल के समर्थक कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ उतर आए हैं। समर्थकों ने रविवार को विजयवर्गीय का पुतला जलाया। इनका कहना है कि दो दिन पहले इंदौर भाजपा कार्यालय में विधायकों का सम्मेलन था। वहां सभी 9 विधायक मौजूद थे। इस दौरान मंच से कैलाश विजयवर्गीय ने विशाल पटेल के लिए कह दिया था कि इस चुनाव में मनोज पटेल जैसे विधायक भी जीत गए हैं।**

विजयवर्गीय के इस बयान को तंज मानते हुए सभी विधायक ताली बजाकर हंसने लगे थे। यह बात अब समर्थकों के दिल में चुभ गई। इसी बात से नाराज समर्थक रविवार शाम गौतमपुरा के गांधीनगर चौक स्थित मनोज पटेल के कार्यालय के बाहर इकट्ठा हुए और कैलाश विजवर्गीय का पुतला दहन करते हुए जमकर



नारेबाजी करने लगे। पुतला दहन मनोज पटेल के समर्थक राजू जाट के नेतृत्व में किए जाने की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि पुतला दहन करने के लिए मनोज पटेल 200 समर्थक थे। घटना को लेकर जब विधायक मनोज पटेल से टेलीफोन पर चर्चा करने का प्रयास भी किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं रिसीव किया।

# एमआरपी धोखा है, जागो ग्राहक मौका है

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने निकाली जागरूकता रैली, लोगों को किया सचेत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा ग्राहक जागरूकता पखवाड़ा बनाने की शुरूआत की गई है। इस दौरान ग्राहक पंचायत द्वारा रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। पंचायत ने ग्राहकों को बताया कि किसी भी चीज की एमआरपी में सारे टैक्स. डीलर, दुकानदार का कमीशन शामिल है। इससे ज्यादा कीमत पर लेना धोखा है। दरअसल ग्राहकों के साथ होने वाली ठगी और ग्राहक को जागरूक करने के लिए यह पखवाड़े मनाया जा रहा है। रविवार को निकाली गई रैली में पुरुष व महिलाएं हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर ग्राहकों से अपील करते हुए नजर आए। पंचायत के मालवा प्रांत के संगठन मंत्री मुकेश कौशल ने कहा कि ग्राहकों को उचित मूल्य में अच्छी गुणवत्ता वाला सामान, सही मात्रा, बेचने के बाद गारंटी और वारंटी सेवा, विक्रेता द्वारा अच्छा व्यवहार व अधिकतम एमआरपी पर मोल भाव करने का अधिकार ग्राहक को है। उन्होंने कहा कि इस पखवाड़ा के दौरान विभिन्न नुक्कड़ नाटकों, स्कूलों तथा बाजारों में जाकर ग्राहक जागरूकता उद्बोधन देने के साथ ग्राहकों को सचेत किया जाएगा।

# सजाया पुष्पबंगला, देवताओं को पहनाए नए आभूषण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**इंदौर**। लोहारपट्टी स्थित प्राचीन श्रीजी कल्याण धाम, खाड़ी के मंदिर के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में हंसदास मठ के महामंडलेश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज के सानिध्य में यज्ञ-हवन एवं भागवत कथा की पूणार्हुति के साथ सौल्लास मनाया गया। इस मौके पर मंदिर स्थित कल्याणजी के मंदिर एवं अन्य देवी देवताओं का पुष्प बंगला श्रृंगारित कर 56 भोग समर्पित किए गए। संकट हरण वीर हनुमानजी को रजत मंडित आभूषण पहनाए गए। यज्ञ, हवन में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। अन्नकूट महोत्सव में देर रात तक पांच हजार से अधिक भक्तों ने महाप्रसादी का पुण्य लाभ उठाया। खाड़ी के मंदिर पर गत 23 दिसम्बर से भागवताचार्य पं. योगेश्वरदास के श्रीमुख से भागवत ज्ञान यज्ञ का दिव्य अनुष्ठान चल रहा था। समापन अवसर पर हंस पीठाधीश्वर श्रीमहंत रामचरणदास महाराज के सानिध्य में श्रीजी कल्याणजी, संकट हरण वीर हनुमानजी महाराज का अन्नकूट महोत्सव आयोजित किया गया, जिसमें विधायक रमेश मेंदोला, राष्ट्रकवि पं. सत्यनारायण सत्तन, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, अशोक चौहान चांदू, प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता दीपक जैन टीनू, एमआईसी सदस्य निरंजनसिंह चौहान गुड्डू एवं राजा यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर पूजा-अर्चना के बाद यज्ञ-हवन में आहुतियां समर्पित की।

## कटाक्ष




# बंदर को थप्पड़ मारने वाला युवक अब खुद को बता रहा वन्यजीव प्रेमी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। वायरल वीडियो में बंदर को थप्पड़ मारने वाले युवक की तलाश खत्म हो गई। वन विभाग ने युवक की पहचान कर ली है। पूछताछ में वीडियो काफी पुराना बताया है, जो तिंछाफाल में ही बना है। युवक ने थप्पड़ मारने की बात से इनकार किया और खुदको वन्य प्रेमी बताया है।

उसका कहना है कि थप्पड़ नहीं मारा था। बल्कि उसको भागने के लिए हाथ हवा में उठाया था। फिलहाल अभी वन अफसरों ने प्रकरण दर्ज नहीं किया है। डीएफओ ने मामले से जुड़े सभी तथ्य जुटाने पर जोर दिया है।

दरअसल शनिवार को पंद्रह सेकंड का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक युवक बंदर को खिलाने के बाद थप्पड़ मारता दिखा। इससे वह गिर पड़ा और जंगल में भाग गया। अधिवक्ता अभिजीत पांडे ने युवक की पहचान पर पांच हजार का इनाम घोषित कर दिया था। इसके बाद रात 8 बजे वन विभाग ने युवक की पहचान राऊ निवासी दिलीप पाटीदार के रूप में की है।

रेंज से डिप्टी रेंजर सहित तीन वनरक्षक युवक के घर पहुंचे। पहले तो वह मिला नहीं। बाद में उसने मोबाइल नंबर पर संपर्क किया। युवक ने कहा कि वीडियो 2010 में तिंछाफाल में ही बनाया था। उस दौरान आने वाले पर्यटकों पर बंदर हमला कर रहा था। उसे भागने के दौरान किसने यह वीडियो बना लिया। मैं खुद एक वन्यजीव प्रेमी हूं। सूत्रों के मुताबिक जब वीडियो बनाया बताया है। उस दौरान तिंछाफाल में इस तरह की रैलिंग नहीं लगी थी। 2014 के बाद वहां विकास कार्य हुए हैं। पूरे मामले में महू रेंज की तरफ से डीएफओ महेंद्र सिंह सोलंकी को जानकारी दी गई है। वैसे वीडियो और घटना तिंछाफाल की बताई है।

इसके चलते प्रकरण दर्ज करने की इंदौर रेंज को कहा है। मगर जिम्मेदारों ने अभी तक कोई गंभीरता नहीं दिखाई है। डीएफओ सोलंकी का कहना है कि प्रकरण में बाकी तथ्य जुटाने के निर्देश दिए हैं।

## भाजपा ने बैरवा समाज को किया अनदेखा



**इंदौर**। 31 दिसंबर बैरवा दिवस पर पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह जी द्वारा महर्षि संत बालीनाथ महाराज जी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस के बाद भाजपा का कोई भी बड़ा नेता संत बालीनाथ की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने नहीं पहुंचा जबकि जिस चौराहा पर संत बालीनाथ महाराज जी की मूर्ति स्थापित है उससे लगे हुए एक, दो और तीन नंबर विधानसभा आती है लेकिन भाजपा कोई भी विधायक ने बैरवा दिवस पर समाज के गुरु महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण नहीं किया। इससे समाज में भाजपा के प्रति नाराजगी है।

## बैरवा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

स्वतन्त्र भारत के पूर्व 1946 में पंजीकृत सामाजिक संस्था अखिल भारतीय बैरवा महासभा के स्थापना दिवस एवं बैरवा दिवस पर बालीनाथ महाराज जी चौराहा (मालवा मिल) पर पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह, शहर अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा जी, पूर्व शहर अध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री श्री विनय बाकलीवाल जी ने महर्षि संत बालीनाथ महाराज जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और समाज के सभी समाजबंधुओं को बधाई शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर फूलसिंह कुवाल,रूपेश लोदवाल, कन्हैया मिमरोट,हंसराज गंगवाल नंदू बैंडवाल (मामा) जगदीश मिमरोट,अशोक जारवाल, कन्हैया गोठवाल सतीश गोमे, गोलू निहोरे, हर्षद रेशवाल, अर्चना जीनवाल सारा जायसवाल सहित अनेक सामाजिक लोगों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

# इंदौर से अयोध्या तक स्पेशल ट्रेन चलाने की तैयारी

## ◆चार्टर्ड बस के टेंडर भी बुलाए, अभी प्राइवेट बस का किराया 1900 रुपए तक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के लोकार्पण और रामलला की प्रतिमा के अनावरण को लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल है। इस सबके बीच इंदौर से अयोध्या के लिए सीधी स्थायी ट्रेन की मांग जोर पकड़ने लगी है। फिलहाल अयोध्या के लिए सीधी ट्रेन नहीं है।**

इंदौर से अयोध्या के लिए एआईसीटीएसएल भी चार्टर्ड बस चलाने की तैयारी में है। इसके लिए टेंडर भी बुलाए गए हैं। अभी प्राइवेट बस ऑपरेटर डायरेक्ट बस सर्विस दे रहे हैं। जिसका किराया 1900 रुपए तक है। माना जा रहा है कि पर्व विशेष को देखते हुए जल्द ही लोगों को इंदौर से अयोध्या धाम के लिए स्पेशल ट्रेन की सौगात मिल सकती है।

साल 2024 में देशभर से करोड़ों श्रद्धालु रामलला के दर्शन करने अयोध्या जाएंगे। इंदौर से अयोध्या जाने के लिए अभी कोई सीधी ट्रेन उपलब्ध नहीं है। इंदौर से अगर सीधी ट्रेन चलती है तो अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं को फायदा होगा।

इंदौर से कनेक्टिविटी होने पर आसपास के जिलों से अयोध्या जाने वाले लोगों को भी सुविधा होगी। बड़ा सेंटर होने के कारण इंदौर में लोगों की आवाजाही बनी रहती है। सीधी ट्रेन मिलने पर लोगों को इधर-उधर जाकर अयोध्या के लिए ट्रेन नहीं पकड़ना पड़ेगी।

### उज्जैन से अयोध्या के लिए 3 ट्रेन

फिलहाल अगर इंदौर के लोगों को अयोध्या जाना है तो उन्हें उज्जैन से ट्रेन पकड़ना पड़ेगी। धर्मधानी उज्जैन से अयोध्या के लिए 3 ट्रेन हैं, जिसमें वाराणसी सिटी साबरमती (सप्ताह में 4 दिन), दरभंगा साबरमती एक्सप्रेस (सप्ताह में 3 दिन), मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस (सप्ताह में 1 दिन) शामिल है।

### इंदौर से निजी ट्रेवल्स की बस उपलब्ध

दूसरी तरफ अयोध्या के लिए इंदौर से डायरेक्ट बस सर्विस उपलब्ध है। कई प्राइवेट बस ऑपरेटर की स्लीपर बसें चल रही हैं, जो 17 से 18 घंटे में अयोध्या पहुंचाती है। बस का किराया 1500 रुपए से लेकर 1900 रुपए तक है। इनमें एसी और नॉन एसी बस शामिल हैं।

### एआईसीटीएसएल ने बुलाए टेंडर

दूसरी तरफ लोगों की सुविधा और श्रद्धा को देखते हुए इंदौर से अयोध्या के लिए डायरेक्ट बस सेवा शुरू करने की कोशिश एआईसीटीएसएल भी कर रहा है। प्रबंधन ने देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों जैसे अयोध्या, मथुरा, बनारस, खाटू श्याम के लिए सीधी बस सेवा शुरू करने के लिए टेंडर जारी किए हैं। बोर्ड के अध्यक्ष और महापौर पुष्यमित्र भार्गव की मानें तो टेंडर ऑनलाइन जारी हो चुके हैं। कोशिश है जल्द से जल्द इंदौर से अयोध्या के लिए सीधी बस सेवा शुरू हो जाए। इस संबंध में ऑपरेटर्स से भी बात की जा रही है। विशेष बस सेवा तो कुछ दिनों के लिए चलाई जा सकती है लेकिन प्रबंधन का प्रयास है कि स्थायी बस सेवा शुरू की जाए। हालांकि इंदौर से अयोध्या बस चलाने के लिए पहले भी टेंडर प्रबंधन बुला चुका है, लेकिन ऑपरेटर्स ने इसमें रुचि नहीं दिखाई।

### इंदौर से एयर कनेक्टिविटी लखनऊ और वाराणसी तक

एयर कनेक्टिविटी की बात करें तो इंदौर से लखनऊ और इंदौर से वाराणसी के लिए डायरेक्ट फ्लाइट है। लखनऊ और वाराणसी से कार, बस, ट्रेन के माध्यम से श्रद्धालु अयोध्या पहुंच सकते हैं। इंदौर से बाय कार जाने वाले लोग भी देवास, शाजापुर, पचोर, झांसी, कानपुर, लखनऊ रूट लेकर अयोध्या जाते हैं या फिर इंदौर से आगरा और एक्सप्रेस वे से लखनऊ होते हुए अयोध्या पहुंचते हैं।

# ड्राइवरों के खिलाफ नया कानून लाने का विरोध

## प्रदर्शन के दौरान पुलिसवालों से हाथापाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। हिट एंड रन में ड्राइवरों के खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नए कानून का सभी दूर विरोध हो रहा है। इंदौर में भी रविवार को ट्रांसपोर्ट कारोबारियों और ड्राइवरों ने मांगलिया स्थित आइल डिपो पर प्रदर्शन किया। इस दौरान गाड़ियां फोड़ने पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हाथापाई हुई।**

शिप्रा थाना पुलिस ने हाथापाई के मामले में कुछ लोगों पर केस भी दर्ज किया है। ट्रक संचालक और ड्राइवर केंद्र सरकार द्वारा हिट एंड रन की धारा में संशोधन करने का विरोध कर रहे थे। सरकार ने धारा 304ए को गैर जमानती कर दो साल की जगह दस साल की सजा कर दी है। ड्राइवरों ने कहा कि एक्ट में संशोधन होने से चालकों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। उन्हें नौकरी छोड़ना पड़ेगी।

नए साल से लागू होने वाले प्रविधान को लेकर ट्रांसपोर्ट उद्योग से जुड़े लोग परेशान हैं। ट्रांसपोर्टरों की परेशानी यह है कि इस कानून के कारण ड्राइवर काम छोड़ रहे हैं। पहले से ही ड्राइवरों की कमी से जूझ रहे उद्योग पर नए कानून के बाद ड्राइवर का संकट आने वाला है।





# यादव समाज का तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर

## डिप्टी कलेक्टर सिम्मी यादव का सम्मान, बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। यादव समाज संस्कार समिति, इंदौर के तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर के समापन अवसर पर रविवार को डिप्टी कलेक्टर सिम्मी यादव का सम्मान किया गया। भागीरथपुरा स्थित सरस्वती धाम, अटल परिसर में आयोजित शिविर में बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए सिम्मी यादव ने कहा कि संस्कार से ही व्यक्ति की पहचान बनती है और सम्मान मिलता है। विशेष अतिथि नगर निगम के सब इंजीनियर चंद्रशेखर यादव ने बच्चों को अच्छा इंसान बनने की प्रेरणा दी।

आरआर कैट के वैज्ञानिक नागेश्वर सिंह, समाजसेवी मदन यादव, डॉ.अशोक यादव आदि के आतिथ्य में बच्चों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र भेंट किए।स्वागत भाषण अवधेश यादव ने दिया। कार्यक्रम की प्रस्तावना राकेश जी यादव ने रखी। इस अवसर पर शिवांश यादव,आकृति यादव, जानवी यादव, स्निग्धा यादव आदि ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। अतिथियों का स्वागत डॉ. प्रतिभा यादव, रमेश यादव, डॉ. राजेश यादव, राजू यादव, मुकेश यादव, विजेंद्र यादव, शिवकुमार यादव, सोनू यादव, प्रहलाद यादव, संजय यादव, चेतना यादव आदि ने किया। शिविर में बच्चों की धर्म, संस्कृति और संस्कारों की पाठशाला के दौरान दीपक यादव, राजेश यादव, मनीष यादव ने बच्चों को संस्कारवान् बनने की सीख दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अविनाश यादव ने किया। आभार दीपक यादव ने माना।

# कलाकार ने बनाई पुराने संसद भवन की प्रतिकृति

## 18 दिन में पीतल से किया तैयार, 144 खंभे बनाकर दी सुंदरता

इंदौर। मल्हारगंज निवासी कलाकार लोकेश मंगल ने पुराने संसद भवन (सभा गृह) की एक प्रतिकृति बनाई है। यह प्रतिकृति महज 18 दिनों में पीतल से तैयार की गई है। इसका उद्देश्य मौलिक अधिकार और कर्त्तव्यों के प्रति जागरूकता लाना है। मंगल ने बताया कि भारतीय संविधान के निमार्ता



डॉ. भीमराव अंबेडकर के 68वें महानिर्वाण दिवस पुराने संसद भवन संविधान सभागृह बनाने का संकल्प लिया था। इस 2 फीट के संविधान सभागृह में 144 खंभे लगाए गए हैं। 38 इंच के 2 राउण्ड पर 144 खंभे लगाए गए है। इसके लिए आधार राउण्ड को पूरा प्रयोग किया गया तथा ऊपरी सिरे के 38 राउण्ड में से 28 राउण्ड काटा गया। इसी तरह तीसरे राउण्ड का प्रयोग खंभों की ऊपी मंजिल बनाने के लिए किया गया गया। इसमें 4 रिंग व शिखर लगाया साथ ही इसमें राज्यसभा, लोकसभा और सेंट्रल हॉल तीनों को बड़ी ही खूबसूरती से बनाया गया है। 40 अलग-अलग क्षेत्र के लोगों ने मिलकर इस सभागृह को बनाने में अपना योगदान दिया है। सभागृह बनाने के लिए सभी ने धन देने की जगह पीतल दिया जिससे इसका निर्माण किया गया है। इसे बनाने में 24 हजार रु. का पीतल लगा है। इसकी सारी कारीगरी वेल्डिंग से की गई है।

# नौ दिवसीय रामकथा का शुभारंभ शोभायात्रा के साथ आज से

## रामकथा मर्मज्ञ आचार्य डॉ. सुरेश्वरदास आएंगे, पुष्य नक्षत्र में हुआ ध्वजा पूजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बफानी धाम के पीछे स्थित गणेश नगर में माता केशरबाई रघुवंशी धर्मशाला परिसर के शिव-हनुमान मंदिर की साक्षी में शुक्रवार को पुष्य नक्षत्र में आगामी 1 जनवरी से नववर्ष के उपलक्ष्य में होने वाली रामकथा के लिए ध्वजा पूजन समारोह संपन्न हुआ।**

गणेश नगर में रामकथा का यह दिव्य अनुष्ठान 9 दिनों तक चलेगा, जिसमें रामकथा मर्मज्ञ आचार्य डॉ. सुरेश्वरदास रामजी महाराज के श्री मुख से नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा प्रतिदिन दोपहर 1 से सायं 5 बजे तक होगी। माता केशरबाई रघुवंशी धार्मिक एवं पारमार्थिक न्यास के अध्यक्ष तुलसीराम-सविता रघुवंशी ने बताया कि भूमि पूजन समारोह में आचार्य पं. हरिशंकर शर्मा के सानिध्य में कमलसिंह ठाकुर, देवकरण यादव राजू पांडे, हनुमान मिश्रा, बाबूसिंह राजपूत, कमल सक्सेना, पं. राजू पाठक एवं पं. सत्येन्द्र शर्मा सहित अनेक श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

कथा का यह आयोजन पुष्प दंतेश्वर महादेव मंदिर एवं स्वाध्याय महिला भजन मंडल के तत्वावधान में 9 जनवरी तक होगा, जिसमें 1 जनवरी को रामायण महात्यम एवं सती चरित्र, 2 को शंकर पार्वती विवाह, 3 को श्रीराम जन्म महोत्सव, 4 को श्रीराम सीता विवाह, 5 को श्रीराम वनगमन एवं केवट प्रसंग, 6 को



भरत चरित्र, 7 को पंचवटी निवास एवं शबरी चरित्र, 8 को राम-सुग्रीव मित्रता तथा 9 को रावण वध एवं रामराज्याभिषेक प्रसंगों की कथा होगी। प्रमुख उत्सव भी मनाए जाएंगे। संयोजक रेवतसिंह रघुवंशी ने बताया कि रामकथा का शुभारंभ शोभायात्रा के साथ 1 जनवरी को सुबह 11 बजे से होगा।

### पीएम किसान सम्मान निधि से कृषक दिलीप सिंह सोलंकी को मिला आर्थिक संबल और सम्मान

इंदौर। केंद्र एवं राज्य शासन की प्राथमिकता रही है कृषि एवं कृषकों का बेहतर विकास। विभिन्न योजनाओं के द्वारा ये सुनिश्चित किया जा रहा है की किसानों की प्रगति हो, उनके घरों में खुशहाली आए, कृषि क्षेत्र में उत्पादन-उत्पादकता बढ़े, नवाचार बढ़े, तकनीक का समर्थन हो, छोटे किसानों की आमदनी बढ़े, कृषि की अर्थव्यवस्था मजबूत हों और देश में योगदान दे सकें। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की शुरुआत की थी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से इस योजना का लाभ अनेक कृषक भाइयों तक पहुंचाया जा रहा है। मेरी कहानी मेरी जुबानी के द्वारा कई कृषक इस योजना से मिले लाभ की जानकारी दे रहें है। ऐसे ही एक कृषक बंधु दिलीप सिंह सोलंकी निवासी खाकरोड ग्राम पंचायत बताते है की पीएम किसान सम्मान निधि ने उन्हें आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की है।

नए साल का पहला दिन भगवान की शरण में ...

# महाकाल और खजराना में दर्शनार्थियों का सैलाब

◆ नव वर्ष 2024 के जश्न में डूबे इंदौरी, मॉल, पब और क्लबों में जमकर हुई पार्टी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में नया साल 2024 शुरू होते ही जश्न जमकर मनाया गया। लोग अपने परिवार और करीबियों को कॉल और मैसेज के जरिए नए साल की शुभकामनाएं दे रहे हैं। टूरिस्ट और पिकनिक स्पॉट के साथ धार्मिक स्थलों पर भी नए साल की धूम है। इंदौर में देर रात तक नए साल की धूम रहने के बाद सोमवार सुबह इंदौरी खजराना गणेश, रणजीत हनुमान सहित अन्य मंदिरों में पहुंचे। वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालु अल सुबह महाकाल के दर्शन करने उज्जैन रवाना हुए।**



मॉल, पब और क्लबों में देर रात तक जमकर पार्टी होती रही। इस बार 30 और 31 दिसंबर को वीकेंड के अलावा 1 जनवरी को नया साल होने की वजह से 3 दिन की छुट्टियां होने के कारण परिवार और फ्रेंड्स के साथ लोग जमकर नाइट पार्टी मना रहे हैं। नए साल पर खजराना गणेश मंदिर, रणजीत हनुमान सहित शहर के सभी धार्मिक स्थलों पर दर्शन के लिए आने वाले लोगों की सुविधा के लिए मंदिरों में विशेष तैयारी की गई है।

न्यू ईयर सेलीब्रेशन के कारण मॉल्स, रेस्टोरेंट, पब, बार में काफी भीड़ देखने को मिली। यहां हुई पार्टी के कारण शहर में किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो इस लिहाज से सभी पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रभारी ड्यूटी पर तैनात रहे। असामाजिक तत्वों और आपराधिक प्रवृति के लोगों की धरपकड़ के लिए विशेष नाकाबंदी की गई थी। इसके अलावा थाना क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग पार्टियों को भी गश्त पर लगाया गया था।

शहर की 56 दुकान सहित कई सार्वजनिक स्थानों पर काफी रौनक रही। नए साल-2024 को लेकर इंदौरी उत्साहित हैं। खास तौर से अजीजों के लिए गिफ्ट, चॉकलेट्स, फूल-मिठाई, गिफ्ट आइटमों के बाजार सजे-संवरे नजर आए। 2024 के स्वागत के लिए फैमिली, फ्रेंड्स और कई परिवार शहर के अलग-अलग होटल्स, पब, बार, डिस्को में उत्सुक नजर आए।

### होटल, रेस्टोरेंट में पुलिस की कड़ी नजर

पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राइव के चालान भी काटे। इसके अलावा शहर के प्रमुख क्लबों, होटलों और रेस्टोरेंट भी पुलिस की निगाह में रहे। नव वर्ष को ध्यान में रखते हुए एसपी ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, निरीक्षक, थाना इंचार्ज, पुलिस चौकी इंचार्ज को कानून व्यवस्था बनाए रखने, किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए मुख्य बाजारों, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों, सभी होटल, रेस्टोरेंट, पैलेस, क्लब, पार्क के आस-पास उचित सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए गए थे, ताकि जिले में शांति और सुरक्षा बनी रहे।

## खेत में बने कुएं में गिरा तेंदुआ, कड़ी मशक्कत के बाद वन विभाग ने पिंजरा लगाकर निकाला



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम।** रतलाम जिले की सैलाना तहसील के गांव अम्बाकुड़ी में एक खेत पर बने कुएं में तेंदुआ गिर गया। तेंदुए के कूएं की खबर गांव में फैलते ही मौके पर भीड़ लग गई। मशक्कत के बाद शाम 5 बजे तेंदुए को पिंजरे में कैद कर लिया गया।

जानकारी अनुसार रतलाम जिले की सैलाना तहसील के ग्राम अम्बाकुड़ी निवासी कैलाश निनामा के खेत पर बने कुएं में दोपहर करीब एक बजे तेंदुए के गिरने की खबर आई। सूचना मिलने पर जब ग्रामीण तेंदुए को देखने पहुंचे। ग्रामीणों ने देखा कि तेंदुआ कुंए में पानी में नहीं गिरा, बल्कि कुएं भीतरी दीवार के नीचे चट्टान पर बैठा है। बाहर निकलने के प्रयास कर रहा है। तेंदुए के कुएं में गिरने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस व वन विभाग को दी। वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए रस्सियों के सहारे कुएं में पिंजरे को लटकाया। साथ ही उज्जैन वन विभाग की टीम को भी सूचना दी गई ताकि तेंदुए को ट्रैंक्यूलाइज उसका सुरक्षित रेस्क्यू किया जा सके।

पुलिस और वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को कुएं से दूर कर रस्सी से बाउंड्री बना दी ताकि लोग तेंदुए के ज्यादा नजदीक ना जा सकें। तेंदुए को निकालने के लिए कुएं में रस्सियों के सहारे पिंजरा लगाया गया। वन विभाग की रेंजर सीमा सिंह ने बताया सूचना मिलने के बाद वन विभाग के आसपास की रेंज के रेंजर सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। विशेषज्ञों की टीम तैयार की गई।

मप्र में कई अधिकारियों के तबादले

# नीरज सिंह होंगे उज्जैन कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को हटाया

### संदीप यादव बने जनसंपर्क आयुक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार ने प्रशासनिक सर्जरी शुरू कर दी है। रविवार को नए साल से पहले 10 आईएएस अधिकारियों की नवीन पदस्थापना आदेश जारी किए। 2000 बैच के आईएएस अधिकारी विवेक पोरवाल को मुख्यमंत्री एवं सचिव, मध्य प्रदेश शासन, विमानन विभाग तथा सचिव मध्य प्रदेश शासन, जनसंपर्क विभाग तथा आयुक्त जनसंपर्क मध्य प्रदेश भोपाल एवं प्रबंधन संचालक, मध्य प्रदेश माध्यम (अतिरिक्त प्रभार) से हटा दिया। उनको आईएएस अधिकारी संदीप यादव की जगह प्रमुख राजस्व आयुक्त, मध्य प्रदेश भोपाल तथा पदेन सचिव, मध्य प्रदेश शासन, राजस्व विभाग तथा आयुक्त, भू-अभिलेख एवं बंदोबस्त, मध्य प्रदेश ग्वालियर (अतिरिक्त प्रभार) बनाया गया है। वहीं, 2000 बैच केआईएएस अधिकारी संदीप यादव को सचिव मध्य प्रदेश शासन, विमानन विभाग तथा सचिव, मध्यप्रदेश शासन, जनसंपर्क विभाग तथा आयुक्त, जनसंपर्क मध्य प्रदेश भोपाल एवं प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश माध्यम (अतिरिक्त प्रभार) सौंपा गया है। वहीं, नर्मदापुरम के कलेक्टर नीरज कुमार को उज्जैन का कलेक्टर बनाया गया है। उनकी जगह नर्मदापुरम कलेक्टर, संचालक आदिम जाति क्षेत्रीय विकास योजनाएं, मध्य प्रदेश भोपाल तथा प्रबंध संचालक, अनुसूचित जनजाति, वित्त एवं विकास निगम भोपाल तथा प्रबंध संचालक मध्य प्रदेश रोजगार एवं प्रशिक्षण परिषद अतिरिक्त प्रभार 2013 बैच की आईएएस अधिकारी सोनिया मीना को बनाया गया है। उज्जैन कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को मध्य प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग में उप सचिव, राज्य बीच एवं फार्म विकास निगम के प्रबंध संचालक नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी को बैतूल कलेक्टर बनाया गया है। वहीं, बैतूल कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस को गुना कलेक्टर बनाया गया है। इसके अलावा उज्जैन नगर पालिक निगम आयुक्त रौशन कुमार सिंह को भोपाल स्मार्ट सिटी का मुख्य कार्यपालन अधिकारी बनाया यगा है। नगर पालिक निगम जबलपुर के आयुक्त स्पप्निल जी वानखेड़े को विशेष कर्तव्यस्त अधिकारी सह आयुक्त सह संचालक संस्थागत वित्त बनाया गया है। वहीं, उज्जैन जिले की अपर कलेक्टर प्रीति यादव को जबलपुर नगर निगम की आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, आईएएस अधिकारी दीपाली रस्तोगी को अपने वर्तमान कर्त्तव्यों के साथ ही प्रमुख सचिव सहकारिता विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

## कालिदास अकादमी के हस्तशिल्प मेले में खुलेआम बिक रही चमचमाती कटार-तलवार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** कालिदास अकादमी के हस्तशिल्प मेले में खुलेआम हथियार बेचे जा रहे हैं। बाहर से आए एक व्यापारी ने मेले के बीचों-बीच दुकान आवंटन कराई है और इस दुकान पर तलवारें बिक रही हैं।

उज्जैन के कोठी रोड स्थित कालिदास अकादमी के हस्तशिल्प मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देशभर के हस्त निर्मित सामानों को बेचने के लिए व्यापारियों ने दुकान आवंटन करवा रखी हैं। मेले में कानपुर, राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब और गुजरात सहित कई प्रदेशों के व्यापारी उज्जैन पहुंचे हैं। लेकिन हस्तशिल्प मेले में इस वर्ष लगी तलवार और कटार बेचने की दुकान को लेकर लोगों में चर्चा है। शासकीय कार्यक्रम में इस तरह खुलेआम हथियार बेचने की अनुमति दी गई है। दुकानदार द्वारा मेले के बीच में दुकान आवंटन कर चमचमाती तलवार और कटार बेची जा रही है। दुकानदार का कहना है कि यह तलवार और कटार बगैर धार की बेची जा रही है, लेकिन तलवार और कटार खरीद कर स्वयं की जिम्मेदारी पर ले जाना होगी। मेले में लगी इस दुकान पर 3 फीट से लगाकर 5 फीट तक की राजस्थानी पंजाबी और समुराई तलवार के साथ अलग-अलग डिजाइन की कटार भी बेची जा रही है। यह तलवार और कटार युवा अधिक खरीद रहे हैं। 2 वर्ष पहले भी इस तरह हथियार बेचने की दुकान का आवंटन किया गया था, लेकिन विरोध के बाद यह दुकान हटा दी गई थी।

## उज्जैन में बिजली कंपनी खोलेगी खुद का पुलिस थाना लाइनमैन, अधिकारियों से अभद्रता मामलों पर लगेगा अंकुश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। उज्जैन शहर में बिजली कंपनी अपना खुद का पुलिस थाना खोलेगी, जिसका नाम होगा बिजली थाना। इसको लेकर शासन स्तर पर भी पूरी प्रक्रिया हो चुकी है। बिजली थाना खुलने के बाद बिजली चोरी के प्रकरण बनाने पर लाइनमैनों और अधिकारी के साथ होने वाले विवाद और अभद्र व्यवहार पर अंकुश लगाया जा सकेगा।**

उल्लेखनीय है कि बिजली चोरी के मामलों में बिजली कंपनी को स्थानीय पुलिस की मदद के लिए पत्राचार करना पड़ता है। इसके बाद भी कई बार पुलिस नहीं आती। ऐसे में अकेले जाने पर कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी मारपीट, पथराव के शिकार हो जाते हैं। शहर में बिजली कंपनी के 9 जोन कार्यालय हैं। जहां पर आए दिन ऐसी कई घटनाएं होती हैं। इस कारण बिजली कंपनियों द्वारा बिजली थाने बनाए जाने की मांग की जा रही थी। शासन स्तर पर स्वीकृति मिलते ही इस व्यवस्था को लागू किया जाएगा।



बता दें कि दो दिन पहले बिजली कटौती से नाराज उपभोक्ता ने मक्सी रोड जोन कार्यालय परिसर में तोड़फोड़ की थी। कार्यालय बंद होने के बावजूद उपभोक्ता ने सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। फिलहाल उपभोक्ता की पुष्टि नहीं होने के कारण बिजली कंपनी के अधिकारियों ने इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी है। जाहिर है कि इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए जल्द ही बिजली कंपनी के पास खुद के थाना और पुलिस होगी।

**यहां भी हो चुका है अफसरों पर हमला-** बिजली कंपनी के अनुसार हाल ही में पिपलीनाका क्षेत्र में जेई और एई स्तर के अधिकारियों के साथ मारपीट और पत्थराव की घटना सामने आई थी। ऐसे कुछ मामलों में कोतवाली, माधवनगर और जीवजीगंज थाने में भी एफआईआर दर्ज की जा चुकी है।

New Delhi

# चंद्रयान-3 के बाद ISRO ने फिर रचा इतिहास, XPoSat लॉन्च; खोलेगा ब्लैक होल के राज

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** ISRO यानी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने 2024 की धमाकेदार शुरुआत कर दी है। स्पेस एजेंसी ने पहले ही दिन सोमवार को एक्स-रे पोलरीमीटर सैटेलाइट (XPoSat) सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। ऐतिहासिक चंद्रयान-3 की तरह इस लॉन्चिंग का गवाह भी आंध्र प्रदेश का श्रीहरिकोटा बना। ब्लैक होल्स की स्टडी के मामले में यह उपलब्धि हासिल करने वाला भारत दुनिया का दूसरा देश बन गया है।

XPoSat अंतरिक्ष की यात्रा कर ब्लैक होल जैसी खगोलीय रचनाओं के रहस्यों से पर्दा उठाएगा। अक्टूबर में गगनयान परीक्षण यान 'डी1 मिशन' की सफलता



के बाद यह प्रक्षेपण किया जा रहा है। इस मिशन का जीवनकाल करीब पांच वर्ष का होगा। ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी)-सी58 रॉकेट अपने 60वें अभियान पर प्रमुख पेलोड 'एक्सपोसैट' और 10 अन्य उपग्रह लेकर जाएगा जिन्हें पृथ्वी की निचली कक्षाओं में स्थापित किया जाएगा। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा, 'सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं। 1 जनवरी 2024 को PSLV का एक और मिशन सफल हो गया है...।' मिशन डायरेक्टर डॉक्टर जयकुमार एम ने कहा, 'XPoSat एक स्पेस ऑब्जर्वेटरी है...। सोलर इर्रेडिएंस और यूपी इंडेक्स की तुलना के लिए यह पूरी तरह से महिलाओं की तरफ से तैयार सैटेलाइट है। यह विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में महिलाओं के सशक्तिकरण को दिखाता है...।'

Bihar

## नए साल से पहले गाजियाबाद में पकड़ी 'सेक्स मंडी'

◆ 22 लड़के-लड़कियां गंदी हरकतें करते पकड़े; नजारा देख शरमा गई पुलिस



**गाजियाबाद, (एजेंसी)** गाजियाबाद के शालीमार गार्डन और टीला मोड़ थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर किराये के मकानों में चल रहे सेक्स रैकेट का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। इस दौरान दोनों स्थानों से पुलिस टीमों ने 14 महिलाओं और 8 पुरुषों को हिरासत में लिया है। एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि उन्हें दोनों थाना क्षेत्र में देह व्यापार होने की सूचना मिली थी। उन्होंने शालीमार गार्डन क्षेत्र स्थित डीएलएफ भोपुरा के सामने एक मकान में छापा मारा। इस कार्रवाई के दौरान मौके से पुलिस को नौ महिलाएं और सात पुरुष मिले। इसके अलावा टीला मोड़ थाना क्षेत्र स्थित तुलसी निकेतन में भी एक मकान में छापा मारा गया। इस दौरान वहां पांच महिलाएं और एक पुरुष आपत्तिजनक हालत में मिले। पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया। दोनों स्थानों पर तलाशी के दौरान पुलिस को 26 हजार की नकदी भी बरामद हुई। बता दें कि, यह कोई पहला मामला नहीं है।

Uttarpradesh

## जंगल में New Year की पार्टी मनाना पड़ा महंगा, 8 दोस्तों को फॉरेस्ट टीम ने पकड़ा, 2 लग्जरी गाड़ियां भी बरामद

**महराजगंज, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले में सोहगीबरवा वन्य जीव प्रभाग के जंगल में न्यू ईयर की पार्टी मनाना आठ दोस्तों को महंगा पड़ गया. वन विभाग की टीम ने दो लग्जरी गाड़ियों समेत आठ लोगो को हिरासत में ले लिया है. पकड़े गए लोग गोरखपुर के निवासी बताए जा रहे हैं. दरअसल, वन विभाग की टीम को सूचना मिली कि कुछ लोग जंगल में न्यू ईयर पार्टी मनाने गए हैं. प्रभागीय वनाधिकारी नवीन शाक्य और पकड़ी रेंजर की संयुक्त टीम ने छापेमारी की तो वहां पर पार्टी मनाते 8 लोगों को हिरासत में ले लिया. पकड़े गए युवकों के पास से वन विभाग की टीम ने भोजन बनाने के लिए बर्तन, गैस सिलेंडर समेत ज्वलनशील पदार्थ भी बरामद किया है. आरोपी युवकों के खिलाफ वन जीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है. डीएफओ नवीन शाक्य ने बताया कि रविवार की रात करीब सात बजे सूचना मिली कि एक हंटर गाड़ी से कुछ युवक जंगल में देखे गए हैं. सूचना के आधार पर पकड़ी रेंजर के साथ पकड़ी रेंज के बीट में छापेमारी की गई. जहां पर एक गाड़ी समेत कुल 8 लोगों को हिरासत में ले लिया गया है. सभी से पूछताछ की जा रही है.

Jammu & Kashmir

## श्रीनगर के ऐतिहासिक लाल चौक पर पहली बार मनाया नए साल का भव्य जश्न, देर रात तक रही रौनक

**श्रीनगर, (एजेंसी)** श्रीनगर के लाल चौक पर नए साल पर पहली बार भव्य जश्न मनाया गया। युवाओं ने 2024 के स्वागत के लिए शाम होते ही जश्न मनाना शुरू कर दिया जो देर रात तक चलता रहा। नए साल के स्वागत के लिए कश्मीर के युवा लाल चौक पर इकट्ठा हुए और धूमधाम से 2024 का स्वागत किया। आम जनता के साथ-साथ पर्यटकों का भी जमावड़ा दिखा। लोगों में लाल चौक पर 2024 का जश्न मनाने को लेकर काफी उत्साह दिखाई दिया। उधर, रविवार को उत्तरी कश्मीर में बर्फ से ढका गुलमर्ग सर्दियों की धूप



में जगमगा उठा, शहर 2024 आने के उत्साह से भर गया। भव्य नववर्ष समारोह की शुरुआत सुबह से ही हो गई। गुलमर्ग में दिनभर लोगों का जमावड़ा देखने को मिला। म्यूजिकल इवेंट्स भी हुए। पर्यटक झूमते दिखाई दिए। गांदरबल के सोनमर्ग में भी पहली बार नए साल के उपलक्ष्य में फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इसमें आम जनता के साथ पर्यटकों की काफी भीड़ रही। इससे पहले केवल होटल्स की तरफ से कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता था, लेकिन पहली बार जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग की ओर से आयोजन किया गया।

खेल

# फरवरी-मार्च में टेस्ट तो अप्रैल-जून में टी20 खेलेंगे भारतीय क्रिकेटर

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के लिए 2023 का साल उतार-चढ़ाव से भरा रहा। दो मौकों पर टीम इंडिया आईसीसी ट्रॉफी जीतने के करीब पहुंची, लेकिन फाइनल मैच में हार झेलनी पड़ी। इसके बावजूद भारत ने विश्व कप में सबसे बेहतरीन टीम के रूप में अपना दबदबा बनाया। अब 2024 में भी भारत की कोशिश और बेहतर प्रदर्शन करने की होगी। इस साल भारतीय टीम टी20 विश्व कप जीतकर आईसीसी ट्रॉफी का एक दशक से लंबा सूखा खत्म करने की कोशिश करेगी।

इस साल भारत को इंग्लैंड, श्रीलंका, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमों के साथ खेलना है। बीसीसीआई ने साल का पूरा शेड्यूल जारी नहीं किया है, लेकिन जून तक के लिए भारतीय खिलाड़ियों का कार्यक्रम साफ हो चुका है। इसके बाद भारत को 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी और आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से द्विपक्षीय सीरीज खेलनी हैं।

**दक्षिण अफ्रीका से होगा साल का पहला मैच-** 2024 में भारत का पहला मैच दक्षिण अफ्रीका के साथ होगा। भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर है। यहां टी20 और वनडे सीरीज के बाद टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। इस दौरे का आखिरी मैच भारत 2024 में तीन जनवरी से खेलेगा। यह मुकाबला सात जनवरी



को खत्म होगा।

**अफगानिस्तान से पहली बार द्विपक्षीय सीरीज-** 11 जनवरी से टीम इंडिया को अफगानिस्तान के साथ तीन टी20 मैच की सीरीज खेलनी है। यह दोनों टीमों के बीच पहली द्विपक्षीय सीरीज होगी। हालांकि, दोनों देशों के बीच एक टेस्ट मैच हो चुका है, लेकिन सीमित ओवर क्रिकेट में ये दोनों टीमें सिर्फ आईसीसी और एसीसी टूर्नामेंट में ही खेली हैं।

**इंग्लैंड के साथ टेस्ट सीरीज-** इस साल भारतीय टीम को इंग्लैंड के साथ पांच टेस्ट मैच की सीरीज खेलनी है। यह सीरीज 25 जनवरी से शुरू होगी और 11 मार्च को खत्म होगी। लगभग दो महीने तक चलने वाली यह सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से दोनों टीमों के लिए बेहद अहम होगी।

**अप्रैल-मई में आईपीएल का जलवा-** इंग्लैंड के साथ लंबी टेस्ट सीरीज के बाद सभी खिलाड़ी कुछ दिन आराम करेंगे। इसके बाद आईपीएल की शुरुआत होगी। दो महीने तक चलते वाले इस टूर्नामेंट में फटाफट क्रिकेट का रोमांच अपने चरम पर होगा।

**जून में टी20 विश्व कप का जलवा-** टी20 विश्व कप 2024 का आयोजन चार से 30 जून के बीच वेस्टइंडीज और अमेरिका में होगा। आईपीएल के बाद सभी टीमों के अधिकतर खिलाड़ी टी20 क्रिकेट के अभ्यस होंगे और इस विश्व कप में रोमांच अपने चरम पर रहेगा।

**जुलाई से द्विपक्षीय सीरीज खेलेगा भारत-** भारतीय टीम के एफटीपी चक्र के अनुसार 2024 में टीम इंडिया इंग्लैंड, श्रीलंका, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ सीरीज खेलेगी। इनमें से इंग्लैंड के साथ सीरीज जनवरी से मार्च के बीच खेली जाएगी। वहीं, अन्य देशों के साथ सीरीज जुलाई से दिसंबर के बीच होने की संभावना है। बीसीसीआई ने आगे का शेड्यूल नहीं जारी किया है, लेकिन एफटीपी चक्र से साफ है कि साल के आखिरी छह महीनों में भारत को श्रीलंका, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ सीरीज खेलनी है। इन सीरीज में वनडे और टेस्ट मैच पर ज्यादा ध्यान होगा। क्योंकि, 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी वनडे फॉर्मेट में होगी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का तीसरा फाइनल भी 2025 में होगा। इसे ध्यान में रखते हुए भारत अपनी तैयारी मजबूत करना चाहेगा।

सिनेमा

## घमंडी हैं सनी देओल? बॉलीवुड पार्टीज में जाना क्यों नहीं पसंद, एक्टर ने दिया जवाब



'गदर 2' की सक्सेस के बाद सनी देओल के सितारे बुलंदियों पर हैं. सनी बॉलीवुड के उन स्टार्स में से हैं, जो कम लेकिन दमदार बात करना पसंद करते हैं. इसलिए वो बॉलीवुड पार्टीज से भी दूर रहते हैं. वहीं अब सनी ने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर फैंस के साथ कई सारी बातें शेयर की हैं. उन्होंने ये भी बताया कि इंडस्ट्री में उन्हें घमंडी का टैग क्यों मिला हुआ है.

NDTV संग बातचीत में सनी ने बताया कि 'मैं मॉर्निंग पर्सन हूं. मुझे लोगों से मिलना-जुलना अच्छा लगता है. मैं जब भी बाहर निकलता हूं. अपने फैंस और दोस्तों से मिलता हूं. ये बहुत ही अच्छा लगता है. मैं वो इंसान नहीं हूं, जो पार्टीज में जाए. ऐसा नहीं है कि मैंने अभी पार्टी वगैरह में जाना बंद किया है. मैं हमेशा से ही ऐसा हूं. मुझे पार्टी में जाना पसंद नहीं है. इसलिए लोग मुझे घमंडी समझते हैं.'

'पहले बहुत सारे लोग मेरे इस नेचर के लिए नापसंद करते थे. उन्हें लगता है कि मुझ में एटीट्यूड है. मैं ड्रिंक भी नहीं करता हूं. पर धीरे-धीरे लोगों ने मुझे जानना शुरू किया, तो वो समझ गए कि मैं ऐसा ही हूं. इसलिए उन्होंने मुझे पार्टी में बुलाना बंद कर दिया. क्योंकि वो जानते हैं कि मैं नहीं जाऊंगा.'


# संपादकीय

## पाकिस्तान का दोहरा चेहरा एक बार फिर बेनकाब

यों पाकिस्तान में फितरह है आतंकियों को पनाह देना। उसकी ऐसी हरकतों को एक रणनीति के तौर पर इस्तेमाल किया जाता रहा है। जबकि आतंकी संगठनों की मुख्यधारा की राजनीति में भागीदारी और उनकी गतिविधियों का भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ता है। इस लिहाज से देखें तो हाफिज सईद को प्रत्यर्पित करने की भारत की मांग का संदर्भ समझा जा सकता है। मगर हाफिज सईद को कानून के कठघरे में खड़ा करने की राह में अड़चन पैदा करना दरअसल पाकिस्तान के दोहरे चेहरे को एक बार फिर बेनकाब करता है। क्या वजह है कि हाफिज सईद के खिलाफ अनेक सबूत मौजूद होने के बावजूद वह उसे कानून के कठघरे में खड़ा करने को लेकर आमतौर पर उदासीन दिखता है और अगर भारत की ओर से इस तरह की कोई मांग उठाई जाती है तो वह इससे बचने की ही कोशिश करता है। दरअसल, सन 2008 में मुंबई में हुए आतंकी हमले के अलावा देश के अन्य इलाकों में आतंकवाद फैलाने के अनेक मामलों में हाफिज सईद को सौंपने की मांग भारत की ओर से लगातार की जाती रही है। मगर इस पर पाकिस्तान ने कभी भी सकारात्मक रुख नहीं दिखाया। अब एक बार फिर भारत ने कहा है कि हाफिज सईद की यहां आतंकी हमलों के कई मामलों में तलाश है और वह संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी भी है। इसलिए कई प्रासंगिक और ठोस सहायक दस्तावेजों के साथ पाकिस्तान सरकार से एक विशेष मामले में मुकदमे का सामना करने के लिए सईद को भारत को प्रत्यर्पित करने की मांग की गई है। मगर हैरानी की बात यह है कि ठोस सबूतों और दस्तावेज मौजूद होने के बावजूद पाकिस्तान या तो इस तरह की मांग की अनदेखी कर देता है या फिर इस पर बचकाने बहाने बनाने लगता है। मसलन, इस बार फिर हाफिज सईद का प्रत्यर्पण करने की भारत की वाजिब मांग पर पाकिस्तान ने एक विचित्र राग अलापा है कि दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण से जुड़ा कोई करार नहीं है। सवाल है कि इस तकनीकी पहलू की आड़ लेकर पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिह्नित जिस आतंकी को बचाने की कोशिश कर रहा है, क्या वह विश्व समुदाय के सामने अपने इरादे का औचित्य साबित कर पाएगा? पाकिस्तान के रुख का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि वहां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक घोषित आतंकवादी हाफिज सईद के बेटे तल्हा सईद के चुनाव लडऩे पर भी कोई रोक नहीं है। गौरतलब है कि भारत सरकार ने 2022 में एक अधिसूचना जारी की थी, जिसके मुताबिक भारत में लश्कर के हमलों के लिए आतंकियों को नियुक्त करना, उनके लिए धन का इंतजाम करना और हमलों की योजना बनाना तल्हा सईद की जिम्मेदारी है। मगर हाल ही में तल्हा सईद के पाकिस्तान में चुनाव लडऩे को लेकर खबर आई। यह समझना मुश्किल नहीं है कि पाकिस्तान में अगर कोई कट्टरपंथी आतंकी संगठन राजनीति की मुख्यधारा में आ जाता है और उससे जुड़े लोग चुनाव लड़ते हैं तब स्थितियां और कितनी जटिल हो जाती हैं।

**Quote...**

"जिसने अब तक आपका नेतृत्व किया है वह आगे भी आपका मार्गदर्शन करेगा। -रूमी"




### सैर-सपाटा

# गोवा के इन बीच पर शानदार होता है नए साल का जश्न, रौनक देख खुश होगा मन

**न्यू ईयर सेलिब्रेशन गोवा में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाता है और इसके लिए काफी पहले से तैयारियां शुरू हो जाती हैं। देश के तमाम हिस्सों से लोग यहां पहुंचते हैं और ऐसे में यहां काफी रौनक हो जाती है। गोवा मेंन्यू ईयर की नाइटलाइफ विदेशी जगहों को टक्कर देती है। यही वजह है की ज्यादातर लोग नए साल के सेलिब्रेशन के लिए गोवा पहुंचते हैं। अगर आप भी न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए गोवा जा रहे हैं तो इन बीच का रुख जरूर करें। यहां होने वाली पार्टीज आपकी शाम को यादगार बना देंगी।**




## नए साल के लिए गोवा में कहां जाएं?

### ◆ कैलंगुट बीच

कैलंगुट बीच गोवा के सबसे व्यस्त बीच में से एक है और न्यू ईयर ईव का जश्न मनाने के लिए एक शानदार जगह है। कई रेस्तरां और बार नए साल की शाम पार्टियों की पेशकश करते हैं। आप यहां लाइव म्यूजिक, आतिशबाजी और समुद्र तट के उत्सव का मजा ले सकते हैं।

### ◆ बागा बीच

गोवा में नए साल का जश्न मनाने के लिए बागा बीच एक और फेमस जगह है। कई बीच रेस्तरां और नाइटक्लब म्यूजि, डांस और आतिशबाजी के साथ नए साल की शाम पार्टियां आयोजित करते हैं।

### ◆ पालोलेम बीच

आने वाले शानदार साल के साथ रात भर पार्टी करने के लिए यह गोवा की बेस्ट प्लेस है। तारों की टिमटिमाहट के साथ यहां जलती हुई आतिशबाजी को देखें, जिससे यह एक यादगार और भावपूर्ण अनुभव बन जाएगा।

### ◆ अंजुना बीच

अंजुना बीच गोवा में नए साल की शाम के जश्न के लिए एक फेमस जगह है। यहां कई बीच पार्टियां आयोजित की जाती हैं, और आप आतिशबाजी और लाइव संगीत का मजा ले सकते हैं।

### ◆ कैंडोलिम बीच

कैंडोलिम बीच गोवा में नए साल की शाम का जश्न मनाने के लिए एक शांत जगह है। कई बीच रिसॉर्ट्स संगीत और डांस के साथ नए साल की शाम की पार्टियों की पेशकश करते हैं, और आप आधी रात को समुद्र तट पर सैर का आनंद भी ले सकते हैं।

## Highlights

1. **XPoSat reached its orbit: ISRO on India's first mission to study black holes**
2. **Raj CM visits shelter homes, distributes warm clothes on New Year**
3. **1 Customer, 81 Condoms: Blinkit Shares Data From NYE Party**
4. **Up to ₹12.5-lakh reward for giving info on terrorism: J&K Police**
5. **Low pressure, dense fog, cold day warnings in india**

# How Gautam Adani raised $15 billion after major net worth loss during Hindenburg saga

**NEW DEIHI, (Agency).** Billionaire Gautam Adani witnessed the biggest wealth loss in India in 2023, losing over 30 per cent of his net worth due to the Hindenburg report released on his organisation. However, the businessman paved a path towards quick recovery, raising almost $15 billion in debt and equity this fiscal year.

Adani, who is trailing behind Mukesh Ambani as the second richest man of India, ended up raising $5 billion in equity and around $10 billion in debt in 2023, leading to the slow and steady recovery of Adani Group shares.

Star investor GQG Partners bought stakes worth almost USD 4.3 billion in five group companies between March and August while Qatar Investment Authority (QIA) and French energy giant TotalEnergies poured in USD 770 million in renewable energy firm Adani Green Energy Ltd, according to company filings and stock exchange data.



The acquisition of Ambuja Cement and ACC was also a turning point for Adani Group, after which the USD 3.5 billion debt to fund the deal was refinanced, increasing the firm's bankability.

Since then, Adani Group has ramped up its industrial business, acquiring Sanghi cement for USD 431 million, 49.38 per cent in Indian Oil Tanking for USD 128 million, Karaikal port for USD 181 million and Coastal Energen for USD 420 million.

Diversifying from just the ports and coal business, Adani Group is making active investments in airports, green energy, data centres, digital services and media, leading to the rapid growth of its shares.

Gautam Adani's massive net worth loss

While top businessmen in India like Mukesh Ambani and Shiv Nadar added billions of dollars to their net worth, Gautam Adani saw the biggest net worth drop of 2024, losing almost $60 billion after the Hindenburg saga broke out.

Adani's net worth was over $110 billion before the Hindenburg report, and he had replaced Mukesh Ambani as the richest man in India. However, the significant drop in share prices and major deals falling through led to Adani losing nearly 34 per cent of his wealth.

# Indian electronics manufacturing sector to be worth $115 bn in 2024: ICEA

**NEW DEIHI, (Agency)** India's electronics manufacturing sector is set to grow 15 per cent to be worth USD 115 billion in 2024, with players continuing to focus more on higher levels of value addition in terms of components and development of products.

The production of mobile phones, the poster boy of the country's electronics manufacturing, is expected to



surpass USD 50 billion by March 2024 from around USD 42 billion in the previous financial year. Google's Pixel smartphone production in India from the first quarter of 2024 will complete the manufacturing presence of all global majors in the country. India Cellular and Electronics Association (ICEA) Chairman Pankaj Mohindroo said the total production of electronic goods in the financial year 2023-24 is estimated to reach USD 115 billion, buoyed by an exceptional contribution of mobile phones, which is estimated to exceed USD 50 billion in the current fiscal. According to data shared by the government, domestic electronics manufacturing increased over four-fold to ₹8.22 lakh crore or USD 102 billion in the last 10 years from ₹1,80,454 crore (USD 29.8 billion) in FY14.

# रिटायर्ड एएसआई का शव मिला, एक्सीडेंट का शक

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। पीटीसी से रिटायर्ड एएसआई रविवार शाम नेमावर ब्रिज के यहां सडक़ पर पड़े मिले। नजदीक ही उनकी एक्टिवा भी पड़ी मिली। रिश्तेदारों ने वॉट्सएप ग्रुप पर देखा तो मौके पर पहुंचे। यहां से अस्पताल लेकर गए। उपचार के पहले ही डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।**

खुड़ैल पुलिस के मुताबिक रविवार शाम करीब साढ़े पांच बजे नेमावर ब्रिज के यहां सडक़ पर एक व्यक्ति के गिरे होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचकर वॉट्सएप ग्रुप पर गाड़ी ओर मृतक की फोटो शेयर की। उनकी पहचान बाबूलाल पद्राने निवासी ग्राम बिहाडिय़ा के रूप में हुई।

सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें अस्पताल ले गए। बाबूलाल सुबह से ही अपने स्कूटर से निकले थे। पुलिस के मुताबिक उन्हें किसी गाड़ी ने टक्कर मारी या वह खुद गिरे। इसकी जांच की जा रही है। शरीर पर चोट के मामूली निशान हैं। पोस्टमार्टम के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

रिश्तेदारों ने बताया कि बाबूलाल पीटीएस में एएसआई के पद पर रहे। जून 2023 में ही उनका रिटायरमेंट हुआ। पहले वह पीटीएस में ही परिवार के साथ रहते थे। लेकिन रिटायरमेंट के बाद डिपार्टमेंट ने क्वार्टर खाली करवा दिया। अगस्त में बाबूलाल ने बिहाडिय़ा में खुद का घर बनाया और यहां रहने लगे। उनके परिवार में एक बेटा और बेटी है। वह मूल रूप से छिंदवाड़ा के रहने वाले हैं। बाबूलाल के भाई भी पुलिस डिपार्टमेंट में रहे हैं। वह भी कुछ समय पहले रिटायर्ड हुए हैं।

## तोड़ दिए भाभी के दांत

**इंदौर**। मल्हारगंज इलाके में पारिवारिक झगड़े में एक युवक ने अपनी भाभी के साथ ऐसी मारपीट की कि उनके दांत ही टूट गए। आरोपी देवर के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक घटना इंदिरा नगर की है। फरियादी कमला पति नवीन की शिकायत पर आरोपी बलराम रतिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। महिला ने पुलिस को बताया कि उसका देवर बलराम उसके घर पर रहने की बात को लेकर आए दिन विवाद करता है। कल भी वह इसी बात को लेकर विवाद कर उसे अपशब्द कह रहा था। कमला ने आरोपी देवर को गालियां देने से मना किया तो वह ऐसा नाराज हुआ कि उसने मारपीट शुरू कर दी। उसने महिला के मुंह पर घूंसा मारा जिससे उसके दांत ही टूट कर नीचे गिर गए। महिला ने शोर मचाया तो कुछ लोग बीच बचाव करने आए इसके बाद आरोपी वहां से धमकी देते हुए भाग निकला।

# आदिवासी युवती का अपहरण कर गैंगरेप

### होटल में किया दुष्कर्म, बेहोश कर लाए थे आरोपी

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। एक होटल में आदिवासी युवती से गैंगरेप का मामला सामने आया है। चार आरोपी युवती को राजगढ़ जिले के पचोर से बेहोश करने के बाद अपहरण कर यहां लाए थे। दो आरोपियों ने 6 दिन में युवती से कई बार दुष्कर्म किया। पीड़िता ने मौका पाकर अपने भाई को फोन लगाया। जिसके बाद भाई की सूचना पर पचोर पुलिस इंदौर पहुंची और युवती को रविवार को वापस लेकर आई।

पीड़िता के बयान के आधार पर दो युवकों पर दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि एक फरार है। पचोर निवासी युवती (19) का 25 दिसंबर को अपहरण हो गया था। आरोपी उसे कोई दवा सुंघाकर बेहोश करके इंदौर ले गए थे। युवती ने बताया कि 25 दिसंबर को सुबह वह शौच के लिए निकली थी। रास्ते में सद्दाम खां, दीपक मालवीय, इमरान और रवि ने उसका रास्ता रोककर पकड़ लिया। मुंह पर कपड़ा रखा, इसके बाद वह बेहोश हो गई। पीड़ित ने बताया कि जब उसे होश आया तो वह एक कमरे में थी। उसे पता चला कि वो इंदौर में है। सद्दाम खां, इमरान खां, दीपक मालवीय और रवि मालवीय उसका अपहरण कर इंदौर ले गए थे। दीपक मालवीय और सद्दाम ने उसका रेप किया। युवती के मुताबिक जब दोनों युवक कमरे से बाहर गए तो उसने मौका पाकर अपने भाई को फोन लगाया। इसकी सूचना पचोर पुलिस को मिलने के बाद युवती को इंदौर से दस्तयाब किया गया है। थाना प्रभारी आकांशा शर्मा ने बताया कि युवती के बयान के मुताबिक अपहरण के इस मामले में रेप, व अन्य धाराएं बढ़ाई हैं। युवती को मेडिकल के लिए राजगढ़ भेजा है। आरोपी सद्दाम, दीपक मालवीय, रवि मालवीय को पकडक़र पूछताछ शुरू कर दी है। चौथे आरोपी इमरान की तलाश की जा रही है।

# पत्नी को जलाकर मार डाला

### ◆ तारपीन लाकर लगा दी थी आग

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। परदेशीपुरा में पिछले मंगलवार को दीपा मेहरा ओर उसके पति संतोष मेहरा को जली अवस्था में एमवाय रिश्तेदार लेलकर पहुंचे। दोनो में पहले आपसी विवाद की बात सामने आई। वारदात को लेकर पता चला कि पति ने ही पत्नी की हत्या करने की नीयत से उसे जलाया है। अगले दिन अलसुबह पत्नी ने दम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने जांच की। वही मौके पर जाकर पड़ोसियो के साथ परिवार के बयान भी लिये। जिसमें पति पर पुलिस ने रविवार को हत्या का केस दर्ज कर लिया।

टीआई पंकज द्विवेदी के मुताबिक दीपा मेहरा की मौत के मामले में पुलिस ने चश्मदीद शंकलाल महादेव कुन्हारे,अशीष गोमे,गुड्?डी बाइक ओर शुभम कुन्हारे के बयान लिये। जिसमें जांच के बाद पाया कि दीपा के पति संतोष मेहरा ने ही उसे तारपीन डालकर जलाया। इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद संतोष पर हत्या का केस दर्ज कर लिया है।

दरअसल मंगलवार की रात में दीपा ओर संतोष को गंभीर हालत में एमवाय लेकर आया गया। जिसमें दीपा करीब 70 प्रतिशत के लगभग जल हुई मिली। वही पति के दोनो हाथ जले हुए थे। रात में थाने से पुलिसकर्मी बयान लेने पहुंचा। लेकिन दोनो की हालत ठीक नही होने से बयान नही हो पाए। इधर एक टीम दीपा ओर संतोष के घर पहुंची तो वहां ज्वलनशील पदार्थ जमीन पर फैला हुआ मिला। शुरूआत में आसपास के लोगो ने दंपति में दोपहर से ही विवाद की जानकारी दी।

**मौत के बाद बिफरे पड़ोसी ओर परिजन-** दीपा की एक दिन बाद गुरूवार सुबह मौत हो गई। दीपा की बुआ के लडक़े प्रवीण ने आरोप लगाया कि बंद कमरे में पति ने दीपा पर तारपीन डालकर आग लगा दी। दीपा जलती हुई बाहर निकली तो संतोष उसे पकडक़र फिर अंदर खींच लिया। घटना के समय दीपा के बच्चे अपने बड़े पिता के घर पर थे। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची ओर जांच की। जिसमें पड़ोसियों के भी यही बयान सामने आए।

**ठेकेदार ने कबूला तारपीन लेकर गया-** पुलिस ने इस मामले में ठेकेदार के बयान लिये। जिसमें पता चला कि मंगलवार को संतोष तारपीन चुराकर ले गया। वह काम से जल्दी भी निकल गया। दोपहर चार बजे से ही उनके घर में झगड़े की आवाजे आ रही थी। रात में जब बच्चे घर नही थे तो संतोष ने तारपीन अपनी पत्नी दीपा पर डाला ओर आग लगा दी। वह बाहर की तरफ आई। तो उसे खीचकर अंदर ले गया।

**यह भी लगे आरोप-** दीपा के बुआ के बेटे प्रवीण से मिली जानकारी में पता चला कि उसका मायका राजस्थान के रामगंज का है। मां की 2008 में मौत हो गई। इसके बाद मामा परिवार उसे उज्जैन के प्रकाश नगर लेकर आ गया। दीपा ओर संतोष की 13 साल पहले शादी हुई। दोनो की एक बेटा ओर बेटी है। आए दिन संतोष काम नही चलने की बात कर घर बैठ जाता। इस पर मामा के परिवार से रूपये की मदद मिलती रहती। कुछ दिन से संतोष 5 लाख रूपये की मांग दीपा के मायके परिवार से कर रहा था। उसका कहना था कि वह इससे दुकान डालेगा। लेकिन दीपा के परिवार ने भी आर्थिक स्थिती ठीक नही होने के चलते इस बात से इंकार कर दिया।

## रंगे हाथों पकड़ाए चोर

**इंदौर।** दो थाना इलाकों में चार चोर रंगे हाथों चोरी करते पकड़ाए हैं। एक जगह वह लोहे का गेट चुराकर ले जा रहे थे तो दूसरी जगह मोटरसाइकिल चोरी कर रहे थे। चारों ही बदमाशों से पूछताछ की जा रही है । मिली जानकारी के अनुसार पहला मामला भंवरकुआं थाना क्षेत्र का है । यहां फरियादी दौलत पिता राजा राम निवासी आनंद नगर चितावद रोड की शिकायत पर आरोपी आकाश और गर्वित दोनों निवासी मूसाखेड़ी के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। दौलत ने पुलिस को बताया कि उसके घर के बाहर लोहे का गेट रखा हुआ था, उसी लोहे को गेट को दोनों आरोपी मोटरसाइकिल पर रखकर ले जा रहे थे । उन्होंने शोर मचाया और लोगों की मदद से दोनों बदमाशों को पकड़ा । बदमाश गेट को सस्ते दामों में बेचने की फिराक में थे। इधर दूसरा मामला चंदननगर थाना क्षेत्र में सामने आया है। यहां पुलिस ने देवेंद्र गनगोरे और भय्यू पिता अशोक को चोरी के मामले में पकड़ा है । फरियादी लखन पिता सुभाष घोसले की मोटरसाइकिल राजनगर में खड़ी थी। दोनों बदमाश वही मोटरसाइकिल चुरा कर ले जा रहे थे जिन्हें रंगे हाथों पकड़ा गया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक